Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 24-08-2006

Participants : Paswan Shri Sukdeo

an>

Title : Need to provide B.S.N.L. Mobile Services in Forbisganj, Jogbani and Narpatganj in Araria Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया में फारबिसगंज, नरपतगंज और जोगबनी से बीएसएनएल की मोबाइल सेवा अभी तक शुरू नहीं की गयी है। यह क्षेत्र नेपाल सीमा क्षेत्र से नजदीक है। काफी समय से यह मांग होती रही है किंतु सरकार यहां से मोबाइल सेवा अभी तक शुरू करने की अनुमति नहीं दिया है। यहां से भारत और नेपाल के बीच व्यापार होते हैं। यहां से नेपाल जाने के लिए जोगबनी ही एकमात्र दूसरा रास्ता है बिहार में अन्य सीमावर्ती क्षेत्र जैसे मधुबनी, रक्सौल, सिलीगुड़ी आदि जगहों से तो बीएसएनएल के मोबाइल सेवा चालू है किंतु फारबिसगंज और जोगबनी से सेवा शुरू नहीं किया जा रहा है। डीओटी, आईबी और टी0इ0सी की टीम इन इलाकों का निरीक्षण कर चुकी है, किंतु गृह मंत्रालय में यह मामला लंबित है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय संचार एवं गृह मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि आज सूचना क्रांति के दौर में फारबिसगंज और जोगबनी, नरपतगंज से भी अविलंब बीएसएनएल के मोबाइल सेवा चालू करने का कट करें।